# कार्यालय जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर (छत्तीसगढ़ )[redacted]

**Phone. No. 07868-241282, Fax. No. 07868-241482** **E-Mail Id- zp-kanker.cg@nic.in**

क्रमांक / 14964 /जि.पं./RGSA/2017-18 कांकेर, दिनांक 24 /01/2018

**--0 प्रेस विज्ञप्ति 0--**

संचालक, पंचायत संचालनालय, छत्तीसगढ़, 36-सी-I, ब्लॉक-2 द्वितीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर का पत्र क्रमांक पंचा/RGSA/144/2017/445 रायपुर दिनांक 21.12.2017 द्वारा **राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/पंचायत सशक्तिकरण अभियान योजनांतर्गत** स्वीकृत पदों (जिला समन्वयक, PESA, जिला समन्वयक एवं सहायक जिला समन्वयक, RGSA) पर संविदा नियुक्ति हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के अर्हताधारी, इच्छुक अभ्यर्थियों से **दिनांक 12/02/2018 को सायं 05:30** बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किये जाते हैं। विस्तृत जानकारी आवेदन पत्र का प्रारूप, नियम एवं शर्ते, जिला पंचायत कांकेर की सूचना पटल एवं जिले की वेबसाईट **www.kanker.gov.in/ www.zpkanker.gov.in** में देखा जा सकता है।

24.1.18

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पचांयत
उत्तर बस्तर कांकेर

पृ. क्रमांक / 14965 /जि.पं./ RGSA/2017-18 कांकेर, दिनांक 24/01/2018

**प्रतिलिपि :-**

01. संचालक, पंचायत संचालनालय, द्वितीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर को सादर सूचनार्थ।
02. कलेक्टर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर को सादर सूचनार्थ।
03. जिला जनसंपर्क अधिकारी, जिला उत्तर बस्तर कांकेर को सूचनार्थ। कृपया समस्त स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करना सुनिश्चित करें।
04. जिल सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, जिला उत्तर बस्तर कांकेर को जिले की वेबसाईट में विज्ञप्ति अपलोड़ कराने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पचांयत
उत्तर बस्तर कांकेर

Scanned by CamScanner

# कार्यालय जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर (छत्तीसगढ़ )

Phone. No. 07868-241282, Fax. No. 07868-241482 E-Mail Id- zp-kanker.cg@nic.in

## -: संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन :-

क्रमांक / 14966 /जि.पं./आरजीएसए/2017-18 कांकेर, दिनांक 24 /01/2018

संचालक, पंचायत संचालनालय, छत्तीसगढ़, 36-सी-।।, ब्लॉक-2 द्वितीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर का पत्र क्रमांक पंचा/RGSA/144/2017/445 रायपुर दिनांक 21.12.2017 द्वारा **राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/पंचायत सशक्तिकरण अभियान योजनांतर्गत** स्वीकृत पदों पर संविदा नियुक्ति हेतु अधोलिखित पदों व उनके सम्मुख दर्शाये विवरण अनुसार निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के अर्हताधारी, इच्छुक अभ्यर्थियों से **दिनांक 12/02/2018 को सायं 05:30** बजे तक निम्नलिखित नियम एवं शर्तो के अधीन आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किये जाते है :-

| क्र. | पद का नाम | पद संख्या | एकमुश्त वेतन | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेरिट हेतु अंक निर्धारण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | जिला समन्वयक (PESA) | 1 (अनारक्षित) | 50000/- | (1) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान से आदिवासी विकास /ग्रामीण विकास/ग्रामीण प्रबंधन विषय में न्यूनतम 60% अंकों के साथ स्नातकोत्तर।<br>(2) शासकीय संस्थान में 05 वर्ष का स्नातकोत्तर पश्चात् समान कार्य अनुभव।<br>प्राथमिकता<br>ग्रामीण प्रबंधन संस्थान आंनद (IRMA गुजरात) XLRI जमशेदपुर/ TISS से ग्रामीण विकास प्रबंधन में डिग्री/डिप्लोमा उत्तीर्ण को चयन में प्राथमिकता दी जावेगी। | 1. **न्यूनतम अर्हता** - न्यूनतम अर्हता के अंकों का अधिभार-70%<br>2. **शासकीय संस्थानों में कार्य का अनुभव :-**<br>प्रतिवर्ष 05 अंक (अधिकतम 20 अंक)<br>3. **साक्षात्कार** :- 10 अंक |
| 1 | जिला समन्वयक (RGSA) | 1 (अनारक्षित) | 35000/- | (1) बी.ई./बी.टेक. (कम्प्यूटर साईंस/आईटी)/एम.सी.ए. में न्यूनतम 60% अंक<br>(2) शासकीय संस्थान से डाटाबेस/प्रोग्रामिंग संबंधित कार्यो का कम से कम 02 वर्ष का अनुभव | 1. **न्यूनतम अर्हता** - न्यूनतम अर्हता के अंकों का अधिभार-70%<br>2. **शासकीय संस्थानों में कार्य का अनुभव :-**<br>प्रतिवर्ष 05 अंक (अधिकतम 20 अंक)<br>3. **साक्षात्कार** :- 10 अंक |
| 2 | सहायक जिला समन्वयक (RGSA) | 1 (अनारक्षित) | 25000/- | (1) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से ग्रामीण विकास/ग्रामीण प्रबंधन में स्नातकोत्तर न्यूनतम 60% अंक के साथ उत्तीर्ण<br>(2) शासकीय संस्था में 01 वर्ष का समान कार्य का अनुभव | 1. **न्यूनतम अर्हता** - न्यूनतम अर्हता के अंकों का अधिभार-70%<br>2. **शासकीय संस्थानों में कार्य का अनुभव :-**<br>प्रतिवर्ष 05 अंक (अधिकतम 20 अंक)<br>3. **साक्षात्कार** :- 10 अंक |

Scanned by CamScanner

**नियम एवं शर्तें:-**

1. उपरोक्त संविदा सेवा में मासिक एकमुश्त वेतन देय होगा, इसके अतिरिक्त कोई विशेष वेतन, मंहगाई भत्ता, क्षतिपूर्ति भत्ता, गृह भाडा भत्ता इत्यादि नहीं दिया जायेगा।
2. छ.ग. शासन के नियमानुसार निःशक्तजन, महिला एवं भू.पू.सै. के लिए उक्त रिक्त पदों में नियमानुसार समस्त आरक्षण दिया जावेगा।
3. आरक्षण रोस्टर अनुसार महिला/भू.पू.सै./निःशक्तजन अभ्यर्थी प्राप्त नहीं होने पर उसी प्रवर्ग के अभ्यर्थी से पद भरे जा सकेंगे।
4. छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संविदा नियुक्ति हेतु निर्धारित आयु सीमा एवं छूट लागू होगी।
5. संविदा नियुक्ति सामान्यतः 01 वर्ष के लिए होगी। विभाग की आवश्यकता के आधार पर एवं संविदा नियुक्त व्यक्ति की उपयुक्ता का आकलन कर संविदा नियुक्ति अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया जा सकेगा।
6. संविदा पर नियुक्त कर्मचारी को एक कैलेण्डर वर्ष में 18 आकस्मिक अवकाश एवं 3 ऐच्छिक अवकाश की पात्रता होगी। वर्ष के मध्य में नियुक्त होने अथवा सेवामुक्त होने पर आकस्मिक अवकाश के पात्रता की गणना पूर्ण महिनों के लिए अनुपातिक आधार पर किया जावेगा। गणना में अपूर्ण दिवस को आगामी पूर्ण दिवस से पूर्णांकित किया जावेगा।
7. आवेदक की आयु - दिनांक 01.01.2018 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 30 वर्ष, छत्तीसगढ़ के मूल निवासी के लिए 35 वर्ष परंतु आयु सीमा में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी छूट संबंधी आदेश-निर्देश लागू होंगें। (आयु की प्रमाणिकता हेतु 10वीं बोर्ड की अंकसूची अनिवार्यतः लगावें)
8. भर्ती के संबंध में संभागीय आयुक्त, अपीलीय अधिकारी होंगे।
9. संविदा नियुक्त व्यक्ति को जिस पद नियुक्ति दी गई है, उस पद के समकक्ष शासकीय सेवकों के समान यात्रा भत्ते की पात्रता होगी।
10. संविदा नियुक्ति शासन द्वारा जारी छ.ग. सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 में निहित शर्तों के अनुसार की जावेगी।
11. संविदा नियुक्ति के दौरान दोनो पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह पूर्व सूचना या इसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
12. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति की सेवा समाप्ति पश्चात संविदा नियुक्त शासकीय सेवक के रूप में जितनी अवधि तक सेवा दी गई है उस अवधि के लिए किसी भी प्रकार के पेंशन, उपदान या मृत्युलाभ कर्मचारी की पात्रता नहीं होगी।
13. संविदा पर नियुक्त कर्मचारी का गोपनीय प्रतिवेदन लिखा जावेगा ताकि यदि आगामी वर्ष हेतु पुनः संविदा नियुक्ति दी जानी हो तो इसके आधार पर कार्य का मूल्यांकन हो सके।
14. छत्तीसगढ़ के मूल निवासी होने की स्थिति में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी मूल निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
15. राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (RGSA) शतप्रतिशत भारत सरकार द्वारा अनुदान प्राप्त है अतः योजना अंतर्गत समस्त पदों की संविदा अवधि भारत सरकार से प्राप्त अनुदान तक के लिए ही मान्य रहेगी।
16. विज्ञापित पद की पूर्ति हेतु यदि विज्ञापित पद संख्या से दस गुणा अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं तो न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता तथा अनुभव का अंक जोड़कर वरियता सूची तैयार कर आरक्षण अनुसार एक पद के विरूद्ध 10 उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु आहूत किया जायेगा। उम्मीदवार को साक्षात्कार में प्राप्त अंकों को जोड़कर वरीयता सूची तैयार कर चयन की कार्यवाही की जावेगी।
17. **अनुभव अंक हेतु समान कार्य अनुभव प्रमाण पत्र** के साथ नियुक्ति आदेश की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। वर्तमान में कार्यरत होने की स्थिति में नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न किया जावे तथा यदि वर्तमान में कार्यरत नही हैं तो सेवा समाप्ति के कारण का नियोक्ता से प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जावे। वांछित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये जाने पर अनुभव अंक प्रदान नहीं किया जावेगा।



Scanned by CamScanner

18. प्राप्त आवेदन पत्रों में चयन के संबंध में तथा विवाद की स्थिति में अधोहस्ताक्षरकर्ता का निर्णय अंतिम व मान्य होगा।
19. किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा में कदाचरण के आरोप में हटाये गये, ब्लैक लिस्टेड अथवा कार्य सक्षमता पूर्वक नहीं करने के कारण सेवा वृद्धि नहीं किये गये व्यक्ति/अभ्यर्थी चयन के पात्र नहीं होंगे।

**<u>आवेदन करने हेतु अनुदेश :-</u>**

1. आवेदन पत्र बंद लिफाफे में **मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कांकेर** के कार्यालय में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से दिनांक 12/02/2018 तक कार्यालयीन समय में सायं 5.30 बजे तक अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए। निर्धारित समय सीमा पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के अलावा अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।
2. आवेदन पत्र में स्वप्रमाणित पासपोर्ट साइज का नवीनतम फोटो चिपकाना अनिवार्य है।
3. आवेदक का रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना आवश्यक है। जिसमें न्यूनतम योग्यता के आधार पर आवेदक पंजीकृत हो। संबंधित दस्तावेज की छायाप्रति संलग्न करे।
4. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत् अभ्यार्थियों को अपना आवेदन पत्र उचित माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।
5. अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा एवं कोई सूचना नहीं दी जावेगी। आवेदन में आवेदक का **फोटो तथा समस्त प्रमाण पत्र/अंकसूची स्वप्रमाणित** होना आवश्यक है।
6. लिफाफे के ऊपर पद नाम जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है का स्पष्ट उल्लेख किया जावे, अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकता है।
7. एक से अधिक पद पर आवेदन करने की स्थिति में प्रत्येक पद हेतु पृथक-पृथक आवेदन पत्र पृथक-पृथक बंद लिफाफे में रखकर प्रेषित किया जाना अनिवार्य होगा।
8. आवेदन पत्र के साथ 5- रूपये की टिकट लगा हुआ 2 लिफाफा जिसमें आवेदक के पत्र व्यवहार का पूर्ण पता स्पष्ट अक्षरों में लिखा हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
9. यदि प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या अधिक होती है तो उच्चत्तर योग्यता के आधार पर बुलाये जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या सीमित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा।
10. आवेदन पत्र का प्रारूप विस्तृत विज्ञापन जिला पंचायत कार्यालय में कार्यालयीन समय एवं दिवस पर देखी जा सकती है। जिला पंचायत कांकेर की वेबसाइड **www.zpkanker.gov.in** से अवलोकन किया जा सकता है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पचांयत
उत्तर बस्तर कांकेर

Scanned by CamScanner

# जिला समन्वयक/सहायक जिला समन्वयक हेतु आवेदन पत्र

| स्वप्रमाणित पासपोर्ट साईज का हाल ही की फोटो |
|---|

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

01. आवेदित पद का नाम :- ................................PESA/RGSA
02. आवेदक/आवेदिका का नाम :- ................................
03. पिता/पति का नाम :- ................................
04. स्थायी पता :- ................................
................................
................................
05. पत्र व्यवहार का पता :- ................................
................................
................................
06. जन्मतिथि (अंको में) :- ................................
(शब्दों में) :- ................................
07. दिनांक (01.01.2018 को आयु) :- ................................
08. जाति/वर्ग (सामान्य/अ.जा./अ.ज.जा./अ.वि.व) :- ................................
(का स्थायी जाति प्रमाण पत्र संलग्न करें)
09 छ.ग. के रोजगार कार्यालय का नाम :- ................................
जीवित पंजीयन क्रमांक व दिनांक :- ................................
10. शैक्षणिक योग्यता :-

| क्र. | परीक्षा का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | विषय | प्राप्तांक | पूर्णाक | प्राप्त अंकों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |
| 4 | | | | | | |
| 5 | | | | | | |

11. क्या उम्मीदवार विवाहित है, यदि हां तो विवाह की तिथि :- ................................
12. जीवित संतान की संख्या :- ................................

Scanned by CamScanner

. अनुभव का विवरण :-

| क्र. | संस्था का नाम | पदनाम | अनुभव | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | दिनांक से | दिनांक तक | कुल अवधि |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |

14. संलग्न सत्यापित प्रमाण पत्रों की सूची :-

1..............................................2..............................................
3..............................................4..............................................
5..............................................6..............................................
7..............................................8..............................................

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम :- ..................................
पता :- ..................................
..................................
मोबाईल नंबर :- ......................

## घोषणा-पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मैंने विज्ञापित पात्रता की शर्तो को ध्यान से पढ़ लिया है, जहां तक मेरी जानकारी और विश्वास है इस आवेदन पत्र की सभी प्रविष्टियां सत्य और सही है, मुझे मालूम है कि यदि कोई जानकारी असत्य एवं गलत पायी जावेगी तो मेरा आवेदन निरस्त किया जावेगा और चयन के उपरांत भी मेरा चयन या मेरी नियुक्ति निरस्त की जावेगी, जिसके विरूद्ध मेरे द्वारा कोई दावा प्रस्तुत करने का अधिकार मुझे मान्य होगा।

संलग्न प्रमाण पत्रों की मूल प्रति मांगे जाने पर मेरे द्वारा प्रस्तुत किया जावेगा।

दिनांक :- ......................

स्थान :- ......................

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम :- ..................................
पता :- ..................................
..................................

Scanned by CamScanner